एक्सआईएसएस • इस साल के एवरेज पैकेज में 25.6% का इजाफा

ओवरऑल 94.29 % प्लेसमेंट, हाईएस्ट पैकेज 20.50 लाख

सिटी रिपोर्टर | रांची

एक्सआईएसएस रांची में बैच 2021-23 का अबतक ओवरऑल 94.29 प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है। जिसमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में 92.65 प्रतिशत, रूरल मैनेजमेंट में 88.71 प्रतिशत, फाइनेंशियल मैनेजमेंट में 98.18 प्रतिशत व मार्केटिंग मैनेजमेंट में 98.33 प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। जिसमें हाईएस्ट पैकेज 20.50 लाख रुपए सलाना व एवरेज पैकेज 9.52 लाख रुपए प्राप्त हुआ है। इस साल के एवरेज पैकेज में पिछले साल की तुलना में 25.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस बैच में से 12 छात्रों को प्री प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए थे, जिसमें से 10 छात्रों ने ऑफर को एक्सेप्ट किया है। चीफ प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. अमर ई तिग्गा ने कहा कि हम इंडस्ट्री की आवश्यकताओं को समझ रहे हैं और बेहतर पेशेवर बनने के लिए तैयार कर रहे हैं। इस वर्ष कई क्षेत्रों में रिक्रूटमेंट और औसत पैकेज में वृद्धि हुई है। 2021-23 बैच में अब तक एचआरएम में हाईएस्ट पैकेज 20.50 लाख रुपए सालाना, रुरल मैनेजमेंट में 13 लाख रुपए सालाना, फाइनेंशियल मैनेजमेंट में 17.50 लाख रुपए सालाना, मार्केटिंग मैनेजमेंट में 18 लाख रुपए सालाना प्राप्त हुआ है।

बैंकिंग सेक्टर से 19.13% जॉब ऑफर

इस बार के कैंपस प्लेसमेंट में सबसे ज्यादा बैंकिंग सेक्टर से 19.13 प्रतिशत छात्रों का चयन किया गया। वहीं इंश्योरेंस सेक्टर से 18.70 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से 15.65 प्रतिशत, आईटी सेक्टर से 13.04 प्रतिशत, डेवलपमेंट सेक्टर से 9.13 प्रतिशत और फाइनेंशियल सर्विस व फिनटेक सेक्टर से 7.83 प्रतिशत विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

न्यू ड्रीम पॉलिसी के तहत प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल होने का मिला दूसरा मौका

इस साल सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा 'ड्रीम जॉब' के लिए एक नई नीति प्रस्तुत की गई थी। ताकि उन छात्रों को एक और अवसर प्रदान किया जा सके जो अपनी ड्रीम जॉब का विकल्प चुनना चाहते हैं। इसके अंतर्गत छात्रों ने हाइएस्ट व एवरेज पैकेज में वृद्धि की है। इससे छात्रों को अपनी अधिकतम संभव क्षमता तक पहुंचने में मदद मिली है।

Press : Dainik Bhaskar

एक्सआइएसएस : ड्रीम जॉब पॉलिसी का मिला लाभ

संवाददाता, रांची

एक्सआइएसएस रांची के पीजीडीएम सत्र 2021-23 के फाइनल प्लेसमेंट की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. प्लेसमेंट प्रक्रिया में एचआरएम संकाय के छात्र को सर्वाधिक 20.50 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला. वहीं, इस वर्ष औसतन वार्षिक पैकेज 9.52 लाख रुपये हासिल करने में विद्यार्थी सफल रहे. सत्र के 94.29% विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया के जरिये देश-विदेशक के प्रतिष्ठानों में नौकरी हासिल की. सत्र में शामिल 12 विद्यार्थियों ने समर प्लेसमेंट के क्रम में प्री-प्लेसमेंट ऑफर हासिल किया था, इनमें से 10 ने जॉब ऑफर को आगे लेकर आगे बढ़े. डीन एकेडमिक्स सह चीफ प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को "ड्रीम जॉब" पॉलिसी का लाभ दिया गया. इसके तहत विद्यार्थी किसी प्रतिष्ठान से जॉब लेटर हासिल करने के बाद भी अन्य प्रतिष्ठान के चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते थे. दो संस्थान के वार्षिक पैकेज का आंकलन करने और पसंद के संस्थान से जुड़ने का अवसर दिया गया. इससे विद्यार्थियों के औसत पैकेज में 25.6% की वृद्धि हुई हैं. पीजीडीएम आरएम, फाइनांस, मार्केटिंग कोर्स के विद्यार्थियों ने क्रमशः 13 लाख रुपये, 17.50 लाख रुपये और 18 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया है.

बैंकिंग क्षेत्र से मिले सबसे ज्यादा जॉब ऑफर : प्लेसमेंट के क्रम में विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा जॉब ऑफर बैंकिंग क्षेत्र से मकले. इसके बाद इंश्योरेंस, औद्योगिक संस्थान, आइटी सेक्टर, डेवलपमेंट सेक्टर, फाइनांसियल सर्विसेज और फाइनटेक सेक्टर में भी विद्यार्थियों का चयन किया गया. प्लेसमेंट प्रक्रिया में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 100 से अधिक कंपनियां पहुंची थीं. इनमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट विभाग के 92.65%, रूरल मैनेजमेंट विभाग के 88.71%, फाइनांस विभाग के 98.18% और मार्केटिंग विभाग के 98.33% विद्यार्थी जॉब ऑफर हासिल करने में सफल रहे.

Press : Prabhat Khabar